भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1200
(16 दिसम्बर, 2013 को उत्तर दिए जाने के लिए)

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता

1200. श्री परवेज़ हाशमी:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पी एम जी एस वाई) के अंतर्गत कितनी लंबी सड़कों का निर्माण किया गया है;
(ख) क्या सरकार को विभिन्न केन्द्रीय एजेन्सियों द्वारा निर्मित सड़कों की गुणवत्ता के बारे में शिकायतें मिल रही हैं; और
(ग) यदि हां, तो इन एजेन्सियों के विरुद्ध सरकार ने क्या कार्रवाई की है तथा अब तक जिन एजेन्सियों/व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है उनका ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री लालचंद कटारिया)

(क) : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत अब तक 385319.87 कि.मी. लंबी सड़क का निर्माण किया गया है (31.10.2013 तक)।

(ख) से (ग) : 2011-12 की अवधि के दौरान उक्त प्रकार की तीन शिकायतें प्राप्त की गईं। इन शिकायतों की जांच राष्ट्रीय गुणवत्ता निगरानी कर्ताओं (एनक्यूएम) के माध्यम से कराई गईं और उनकी रिपोर्टों को सुधारात्मक उपायों हेतु कार्यान्वयन एजेंसियों को भेजा गया था। वर्ष 2012-13 के दौरान 6 शिकायतें प्राप्त की गईं। इन शिकायतों की जांच एनक्यूएम के माध्यम से कराई गई। 5 मामलों में बड़ी अनियमितताएं पाई गईं और एनक्यूएम के निरीक्षण रिपोर्टों को सुधारात्मक उपायों हेतु कार्यान्वयन एजेंसियों के पास भेजा गया। वर्ष 2013-14 के दौरान (31.10.2013 तक) 7 प्राप्त शिकायतों में से 1 शिकायत को जांच तथा उचित कार्रवाई के लिए कार्यान्वयन एजेंसी को भेजा गया।

*****